15.09.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रांची से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से छह वंदे भारत रेलगाडियों को किया रवाना –झारखण्ड में 660 करोड रुपए की रेल परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।

- राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा –लोकतंत्र में संवाद का सर्वाधिक महत्त्व।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा –कौशल विकास के लिए स्टेट स्किल पॉलिसी बनाकर युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।
- प्रदेश में मॉनसूनी बारिश के दौर में कमी – 18 सितम्बर के बाद बरसात की गतिविधियों में फिर से बढोतरी के आसार।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रांची हवाई अड्डे से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए टाटा नगर – पटना सहित छह वंदेभारत रेलगाडियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले श्री मोदी आज सुबह जमशेदपुर जाने के लिए रांची हवाई अड्डे पहुंचे लेकिन खराब मौसम के कारण उनका हैलीकाप्टर रवाना नहीं हो सका। श्री मोदी ने झारखंड में 660 करोड़ रूपये से अधिक की रेल परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वंदेभारत रेलगाड़ियों के चलने से झारखंड और पड़ोसी राज्यों सहित देश के पूर्वी क्षेत्रों में आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में तेजी आएगी। श्री मोदी ने कहा कि इन रेलगाड़ियों से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने पीएम आवास योजना – ग्रामीण के लाभार्थियों को पहली किस्त भी जारी की। इसमें 32 करोड़ रूपए लाभार्थियों के बैंक खातों में डिजिटल माध्यम से भेजे गये। इसके अलावा 32 हजार मकानों के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। श्री मोदी ने कहा कि अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी, वंचित, दलित, दिव्यांग और महिलाओं को इस सूची में प्राथमिकता दी जाएगी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आज से झारखण्ड, गुजरात और ओडिशा की तीन दिन की यात्रा पर हैं।

000

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा है कि लोकतंत्र में संवाद का सर्वाधिक महत्त्व हैं। इसी से निर्णय संभव होते हैं, सहमति बनती है और लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र विश्वभर में सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं है बल्कि यह संवाद से लोक कल्याणकारी निर्णय लेने वाला भी सबसे बड़ा राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति से ही भारत भविष्य का सबसे विकसित राष्ट्र बनेगा। श्री बागडे आज जयपुर में "भारतीय युवा संसद" के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यकम में मौजूद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विश्व लोकतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें प्राचीनकाल से ही बहुत मजबूत रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारों के साथ साथ युवाओं को कर्तव्य के प्रति भी सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम में 24 राज्यों से आए युवाओं ने भागीदारी की। इस मौके पर "भारतीय युवा संसद" के आशुतोष जोशी ने युवा संसद के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

000

आज इंजीनियर दिवस है। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सभी इंजीनियरों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि इंजीनियर देश के विकास, नवाचार और प्रगति में मुख्य भूमिका निभाते है। वे अपने महत्वपूर्ण योगदान से देश का भविष्य संवारते है। श्री शाह ने महान इंजीनियर और भारत रत्न से सम्मानित सर एम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी बहुमूल्य विरासत भारत का भविष्य बनाने में इंजीनियरों को प्रेरित करती रहेगी। इंजिनियर दिवस के मौके पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

पाली के डिस्ट्रिक्ट क्लब में जिला इंजीनियरर्स फोरम की ओर से इंजीनियर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने भारत रत्न इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। इसी कड़ी में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

000

नगरीय विकास राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मॉनसूनी बारिश से टूटी सड़कों और सीवरेज लाइनों की त्वरित मरम्मत करने के निर्देश दिये हैं। श्री खर्रा आज जयपुर में आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर श्री खर्रा ने कहा कि सबसे पहले शहरों की मुख्य सड़कों का काम पूरा किया जाए इसके बाद कॉलोनी की अन्दर की सड़कों का निर्माण और मरम्मत कार्य पूरा करवाया जाए। इस दौरान श्री खर्रा ने अधिकारियों को आपसी समन्वय से काम करने की भी नसीहत दी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि किसान सिर्फ खेती नहीं करता बल्कि लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था कर पुण्य का काम करता है। आज जयपुर के बैनाड़ा धाम में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से फसल खराबे के बावजूद भी किसानों की हिम्मत उन्हें विपरीत परिस्थितियों में आगे बढने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को आपसी समन्वय के साथ देश की मजबूती के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मजबूत और समृद्ध समाज की नींव शिक्षा पर टिकी है इसलिए राज्य सरकार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए भरपूर अवसर मुहैया करा रही है।

उन्होंने कहा कि कौशल विकास के लिए स्टेट स्किल पॉलिसी बनाकर दो साल में करीब डेढ लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

000

दाऊदी बोहरा समाज आज ईद मिलाद–उन–नबी का पर्व मना रहा है। पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर डूंगरपुर में बैंड की धुनों के साथ जुलूस निकाला गया। रंग बिरंगी पोशाकों में सजे बच्चे घोड़े पर झंडे लेकर सवार हुए। जुलूस शहर के विभिन्न रास्तों से होकर मस्जिद पहुंचा, जहां मजलिस का आयोजन हुआ। वहीं झालावाड़ ज़िले के झालरापाटन, सुनेल खानपुर, अकलेरा आदि कस्बों में रहने वाले दाऊदी बोहरा समाज के लोगों ने परम्परागत रूप से ईद मिलाद–उन–नबी का पर्व मनाया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ईद मिलाद–उन–नबी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी।

000

प्रदेश में अलग–अलग सड़क हादसों में 8 लोगों की मृत्यु हो गई। कोटा–जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 21 पर आज तड़के एक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मृत्यु हो गई। हादसे में तीन व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस के अनुसार ये लोग मध्यप्रदेश के देवास से सीकर में खाटूश्याम जी दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान बूंदी के पास हिंडोली में श्रद्धालुओं की कार बजरी से भरे ट्रक से टकरा गई जिससे यह हादसा हुआ। वहीं दूसरा सड़क हादसा बीती देर रात टोंक जिले के बरौनी थाना क्षेत्र में हुआ जहां अजमेर दरगाह से वापस घर लौट रहे जायरीनों की गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई और 9 व्यक्ति घायल हो गये।

000

प्रदेश में बारिश की गतिविधियों में कमी आने के बाद आज अधिकांश जिलों में मौसम शुष्क बना हुआ है। हालांकि पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं बादल गरजने के साथ हल्की बारिश हुई। बारिश का मौजूदा दौर थमने के बाद धौलपुर, करौली, भरतपुर और अजमेर में जलभराव की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है। जिला प्रशासन राहत कार्यों में जुटा हुआ है। जैसलमेर जिले में इस बार अच्छी बरसात हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस बार जिले में औसत से 90 फीसदी अधिक बरसात हुई है।

....................

वहीं इस बीच, मौसम केन्द्र जयपुर ने 18 सितम्बर के बाद से बरसात की गतिविधियां फिर से शुरू होने की संभावना जताई है।

000

जैसलमेर जिले के प्रसिद्ध रामदेवरा में बाबा रामदेव का भादवा मेला संपन्न हो गया है। इसके बावजूद लोकदेवता के आस्था धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। आज सुबह से भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिल रही है। मेले के समापन के बाद भी भक्तों की आवक से कस्बे के व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं।

0000

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आयुष मंत्रालय और राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ की ओर से छह दिवसीय सीएमई कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर के 20 राज्यों से आये 30 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया। वहीं 12 आयुर्वेद विशेषज्ञों ने अपने चिकित्सा अनुभव प्रस्तुत किए।

000